G20

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)
(NAAC द्वारा "A" ग्रेड़ प्राप्त संस्थान)
Email address principalgckota@gmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक

दिनांक 29.02.2024

कार्यकम रिपोर्ट

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

राजकीय महाविद्यालय कोटा के रसायन शास्त्र विभाग के अमलगम क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 28.02.2024 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। उन्होने विद्यार्थियों को आर्शीवचन देते हुये बताया कि देश के विकास में विज्ञान का प्रमुख योगदान है। कार्यकम में मुख्य वक्ता डॉ. रघुराज परिहार ने बताया कि इस वर्ष नेशनल साइंस डे की थीम विकसित भारत की स्वदेशी प्रौधोगिकी है। 28 फरवरी को सर सी.वी. रमन ने रमन इफेक्ट की खोज की थी इसी दिन हर वर्ष नेशनल साइंस डे मनाया जाता है। उन्होने भारतीय नोवल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिको के रिसर्च के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही महिला वैज्ञानिको के योगदान से भी अवगत कराया। उन्होने बतताया कि डॉ. टेसी थॉमस ने भारत की अग्नि व पृथ्वी मिसाइलों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यकम में द्वितीय वक्ता सीनियर रिसर्च फैलो कामिनी मीणा ने भारत के विभिन्न वैज्ञानिक संस्थाओं के योगदान के बारें में रोचक जानकारी प्रदान की। कार्यकम में रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका दक्षिणी वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. मंजु बाला यादव, डॉ. अंजु अग्रवाल, डॉ. उत्तरा चन्द्रावत, डॉ. एच.एस. गोस्वामी एवं अमलगम क्लब की संयोजिका डॉ. श्वेता आचार्य का विशेष योगदान रहा। कार्यकम में एम.एससी. के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यकम के अन्त में विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका दक्षिणी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यकम का संचालन अमलगम क्लब की अध्यक्ष शुभांशी शर्मा ने किया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय कोटा